卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः। आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्।
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्। वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये।

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 81 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦27 दिसम्बर 2025 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## गदरपुर में अवैध मजार पर चला बुल्डोजर

### दो सप्ताह की नोटिस अवधि के बाद कार्रवाई,प्रदेश में अब तक 570 अवैध मजारें ध्वस्त

गदरपुर(उदसंवाददाता)। सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों के खिलाफ धामी सरकार की सख्ती जारी है। इसी क्रम में बुधवार तड़के गदरपुर स्थित सरकारी बाग में अवैध रूप से बनाई गई मजार को प्रशासन ने बुल्डोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई सुबह तड़के भारी पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में शांतिपूर्वक संपन्न कराई गई, जिससे क्षेत्र में किसी प्रकार की कानून-व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो। एडीएम पंकज उपाध्याय ने बताया कि जिलाधिकारी नितिन भदौरिया के निर्देश पर उपजिलाधिकारी ऋचा सिंह द्वारा सरकारी बाग में बनी अवैध संरचना को हटाने की प्रक्रिया शुरू की गई थी। इसके तहत संबंधित पक्ष को नोटिस जारी कर संरचना हटाने के लिए समय दिया गया। इसके साथ ही सरकारी उद्यान विभाग के अधिकारियों ने भी उक्त मजार को अवैध बताते हुए जिला प्रशासन को लिखित रूप से अवगत कराया था। प्रशासन की ओर से दो सप्ताह की मोहलत दिए जाने के बावजूद नोटिस का कोई जवाब नहीं दिया गया और न ही संरचना को हटाने की दिशा में कोई पहल की गई। इसके बाद प्रशासन ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए बुधवार तड़के अवैध मजार को हटाने का निर्णय लिया और बुल्डोजर से संरचना को ध्वस्त कर दिया। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार यह कार्रवाई राज्य सरकार की (शेष पृष्ठ सात पर)





## घर के इकलौते चिराग ने जहर खाकर दी जान

रूद्रपुर। बीमारी के कारण पिछले काफी समय से मानसिक तनाव में रह रहे घर के इकलौते चिराग युवक ने शुक्रवार को विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। परिजन उसे उपचार के लिए एक निजी चिकित्सालय ले गया जहां उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर परिजनों से आवश्यक जानकारी ली और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार मूल रूप से ग्राम दहिया भोज फरीदपुर बरेली निवासी 29 वर्षीय दीपक भारद्वाज के पिता मदनलाल का कुछ वर्ष पूर्व एक सड़क हादसे में निधन हो गया था। जिसके बाद से वह यहां जगतपुरा निवासी अपने करीबी रिश्तेदार के घर रह रहा था और उसने एमए की शिक्षा भी ग्रहण की थी। बताया जाता है कि दीपक कुछ समय से बीमार रहता था और उसका उपचार कराया जा रहा था। बीमारी के कारण दीपक अक्सर ही मानसिक तनाव में रहता था। परिजनों ने बताया कि शुक्रवार को दोपहर दीपक घूमकर घर आया। जब उससे खाना खाने का कहा गया तो उसने तबीयत ठीक न हाने की बात कही। जब उसकी हालत तेजी से बिगड़ने लगी तो परिजन उसे उपचार के लिए नगर के एक निजी चिकित्सालय ले गये जहां उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पता चला दीपक ने विषाक्त पदार्थ खाया हुआ था। सूचना मिलने पर पुलिस ने पहुंचकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## सीएम ने किया 'पैली-पैली बार' गीत का विमोचन

देहरादून(उद संवाददाता)।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में 'पैली-पैली बार' उत्तराखण्डी गीत का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने सभी लोक गायकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह गीत सरकार के विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाएगा। इन गीतों के माध्यम से समाज में जागरूकता आएगी और उत्तराखंड में पहली बार हुए विकास कार्यों से बड़ी संख्या में लोग अवगत हो सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा लिए जा रहे निर्णय अन्य राज्यों के लिए भी उदाहरण बन रहे हैं। लोक कलाकारों के प्रयासों की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखण्ड की लोकसंस्कृति, भाषा और परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा राज्य, विकास के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहा है। ऐतिहासिक फैसलों और योजनाओं के माध्यम से आम जन को सहूलियत पहुंचाई जा रही है। विभिन्न चुनौतियों के बाद भी राज्य ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, स्टार्टअप, कृषि, रिवर्स पलायन , बागवानी, हर क्षेत्र में नया इतिहास रच रहा है। 'पैली-पैली बार' गीत में उत्तराखण्ड राज्य के इतिहास में पहली बार हुए विकास (शेष पृष्ठ सात पर)



## सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत,दूसरा गंभीर

रामनगर(उद संवाददाता)। शुक्रवार रात हल्द्वानी-रामनगर मार्ग के पास ग्राम कंचनपुर छोई क्षेत्र में हुई एक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए रामनगर के सरकारी अस्पताल लाया गया, जहाँ चिकित्सकों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल प्रदीप मेहरा को हायर सेंटर रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार कि मृतक रामनगर पीडब्ल्यूडी कॉलोनी निवासी जीतू चौधरी और प्रदीप मेहरा ओखलढूंगा निवासी हैं। दोनों शाम को किसी काम से बाइक से रामनगर पहुँचे थे और रात में वापस होटल लौट रहे थे। इसी दौरान कंचनपुर छोई के पास उनकी बाइक अचानक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को तुरंत सरकारी अस्पताल लाया (शेष पृष्ठ सात पर)





## फायरिंग में घायल कुख्यात विनय त्यागी की एम्स में मौत

हरिद्वार/ऋषिकेश। पुलिस कस्टडी में कोर्ट पेशी के दौरान हुई फायरिंग में घायल कुख्यात अपराधी विनय त्यागी की इलाज के दौरान एम्स ऋषिकेश में मौत हो गई। वह पिछले तीन दिनों से ट्रॉमा सेंटर में भर्ती था। एम्स के पीआरओ ने शनिवार को इसकी आधिकारिक पुष्टि की। घटना बुधवार दोपहर लक्सर-हरिद्वार हाईवे स्थित ओवरब्रिज पर हुई। रुड़की कारागार में बंद मेरठ निवासी कुख्यात अपराधी विनय त्यागी को धोखाधड़ी के मामले में लक्सर एसीजेएम कोर्ट में पेशी के लिए ले जाया जा रहा था। सुरक्षा के लिए उसके साथ छह पुलिसकर्मी तैनात थे। ओवरब्रिज पर ट्रैफिक जाम के दौरान जैसे ही पुलिस वाहन रुका, दो बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने अचानक फायरिंग शुरू कर दी। हमले में विनय त्यागी के सीने, हाथ और गले में गोली लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। फायरिंग में दो पुलिसकर्मी भी घायल हुए, जबकि अन्य जवान बच गए। (शेष पृष्ठ सात पर)



### ठेकेदार की 750 करोड़ की काली कमाई के राज जानता था विनय!

हरिद्वार। विनय त्यागी की बहन ने इस पूरे मामले में करोड़ों की काली कमाई के राज की बात बताई है। त्यागी की बहन सीमा त्यागी ने मीडिया के सामने कहा कि विनय त्यागी एक ठेकेदार की 750 करोड़ रुपये की काली कमाई के राज जानता था। यह रकम देहरादून के डॉक्टर के घर रखी हुई थी। विनय ईडी को देना चाहता था। ऐसे में जब यह बात ठेकेदार को पता चली तो उसने डॉक्टर के माध्यम से उसे चोरी में जेल भिजवा दिया। यह राज कभी न खुले इसके लिए अब विनय त्यागी को खत्म करने की योजना बनाई गई। सीमा त्यागी ने आरोप लगाया कि इस घटना की साजिश एक ठेकेदार ने रची है। ठेकेदार के घर छापा पड़ने वाला था। इससे पहले ही उसने अपनी 750 करोड़ की नकदी व अन्य जेवरात देहरादून के एक डॉक्टर के घर छुपा दिए। डॉक्टर (शेष पृष्ठ सात पर)

## दबंगों ने युवक के साथ की बर्बरता,रिवॉल्वर तानी

रामनगर। निकटवर्ती कंचनपुर छोई क्षेत्र में एक युवक शुभम के साथ कथित बर्बर मारपीट का मामला सामने आया,आरोप है कि आरोपी युवकों ने शुभम पर रिवॉल्वर तानकर जान से मारने की धमकी भी दी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद इलाके में आक्रोश का माहौल बन गया। पीड़ित शुभम ने बताया कि घटना के दौरान आरोपी युवकों ने उसे बेरहमी से पीटा और बार-बार माफी मांगने के बावजूद मारपीट जारी रखी। उन्होंने कहा कि उन्हें अब भी अपने जीवन को लेकर गंभीर खतरा महसूस हो रहा है, क्योंकि आरोपियों पर पुलिस (शेष पृष्ठ सात पर)



## देवभूमि के 'ज्वलंत मुद्दों' से भटक रहे 'उत्तराखंड के धुरंधर'

### देवभूमि के धुरंधरों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का छाया खौफ,सत्ताइस के समर में मुद्दों के गौड़ होने और सियासी लड़ाई सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एआई के अस्त्र से लड़े जाने के बन रहे आसार

-अर्श-

देहरादून। उत्तराखंड में आगामी विधानसभा चुनाव सत्ताइस के शुरुआत में ही होने हैं। इस लिहाज से सूबे में अब राजनीतिक दलों के नेताओं के पास मोटे तौर पर एक वर्ष का समय ही बाकी रह गया है। ऐसे में राजनीतिक दलों एवं राजनेताओं द्वारा जनता के बीच में जाकर देवभूमि के ज्वलंत मुद्दों के समाधान की रूपरेखा प्रस्तुत की जानी चाहिए, लेकिन उत्तराखंड के धुरंधर शिक्षा, सड़क, स्वास्थ्य, बेरोजगारी पलायन आपदा प्रबंधन एवं वन्य जीव हमले जैसे ज्वलंत मुद्दों का समाधान प्रस्तुत करने के लिए जनता के बीच जाने के बजाए सोशल मीडिया पर जमकर बकैती कर रहे हैं। मजे की बात तो यह है कि सोशल मीडिया पर राजनीतिक दलों के बीच चल रहे वाक युद्ध के दौरान राजनेताओं के बीच आई का खौफ अच्छा खासा पसरा हुआ है। दोनों ही प्रमुख राजनीतिक के नेता इस डिजिटल हथियार से उनकी छवि खराब होने की बात कर रहे हैं।राज्य की सियासत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से निर्मित वीडियो एवं चित्र जिस तरह एक के बाद एक कर सामने आते जा रहे हैं ,उससे ऐसा लगने लगा है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सत्ताइस के समर का एक महत्वपूर्ण हथियार होगा और इस समर में मुद्दों की लड़ाई जमीन पर नहीं बल्कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लड़ी जाएगी। मौजूदा दौर का सियासी संघर्ष नीतियों और मुद्दों से हटकर पूरी तरह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आश्रित हो गया जान पड़ता है। हाल के दिनों में राज्य में सामने आए कई विवादों ने स्पष्ट संकेत दे दिए हैं कि सियासत की लड़ाई अब डिजिटल प्लेटफॉर्म और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के सहारे लड़ी जा रही है। बीते दिनों पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के एआई वीडियो ने उत्तराखंड की सियासत को पूरी तरह गरमा कर रख दिया है। हरीश रावत ने एआई वीडियो पर आपत्ति दर्ज कराते हुए पुलिस को शिकायती पत्र तक दिया है। साथ ही उन्होंने बीजेपी पर छवि खराब करने का आरोप भी लगाया है।एआई का हल्ला और खौफ सिर्फ कांग्रेस पार्टी में ही नहीं दिखाई दे रहा है, बल्कि भाजपा भी अपनी पार्टी में हाल ही में उठे एक तूफान के लिए कांग्रेस द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रयोग को उत्तरदाई बता रही है। मामला अभिनेत्री उर्मिला सनावर और पूर्व भाजपा विधायक सुरेश राठौड़ से संबंधित है ।भाजपा नेता का नाम सामने आने के बाद कांग्रेस हमलावर मुद्रा में है ,वही भाजपा इसे कांग्रेस की साजिश बता कर अपना दामन बचाने की कोशिश में है। कुल मिलाकर उत्तराखंड की राजनीति में एआई अब राजनीतिक हथियार बनता जा रहा है, फर्जी वीडियो, डीपफेक ऑडियो और एडिटेड तस्वीरें न केवल नेताओं की छवि को नुकसान पहुंचा रही हैं, बल्कि आम (शेष पृष्ठ सात पर)



# सीएम ने विभिन्न विकास योजनाओं के लिये दिया 167 करोड़ का अनुमोदन



देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में विभिन्न सड़कों के सुधारीकरण एवं पुनर्निर्माण, स्कूल भवनों, हरिद्वार गंगा कॉरिडोर परियोजना के तहत हर की पैड़ी क्षेत्र के विकास, घाटों एवं पुलों के निर्माण के साथ ही हैलीपोर्ट निर्माण, विभिन्न मंदिरों के सौंदर्यीकरण तथा मार्ग निर्माण आदि से संबंधित योजनाओं के लिए 167 करोड़ की धनराशि का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा मुख्यमंत्री घोषणा के तहत विधानसभा क्षेत्र कोटद्वार के विकासखण्ड दुगड्डा के अन्तर्गत मेरठ पौड़ी रा0मा0 के किमी0 138 से लालपुर-कलालघाटी-नयावाद पुराना कोटद्वार हरिद्वार मोटर मार्ग का सुधारीकरण कार्य हेतु 1.28 करोड़, राज्य योजना के अन्तर्गत चम्पावत खेतीखान मोटर मार्ग (64) के किमी0 8.00 से सुयालखर्क मिलान मोटर मार्ग का सुधारीकरण/डामरीकरण के कार्य हेतु 3.20 करोड़, विधानसभा क्षेत्र नैनीताल के विकासखण्ड बेतालघाट एवं कोटाबाग के नानिया विनायक मोटर मार्ग से बिडारी पोखराधार तक मोटर मार्ग का पुनर्निर्माण कार्य हेतु 4 करोड़ की योजना स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।मुख्यमंत्री द्वारा मुख्यमंत्री घोषणा के अन्तर्गत जनपद देहरादून के विधानसभा क्षेत्र मसूरी के पुरूकुल में निर्माणाधीन सैन्यधाम एवं मसूरी रोपवे के लोअर टर्मिनल तक पहुंचने वाले मुख्य सड़क मार्गों को डेढ़ लेन में उच्चीकरण के कार्य हेतु 13.39 लाख, जनपद चम्पावत में विधानसभा क्षेत्र लोहाघाट के अन्तर्गत कामाज्यूला भनार रैघाडी मोटर मार्ग में पुनर्निर्माण एवं सुधारीकरण के कार्य हेतु 7 करोड़, राज्य योजना के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र गंगोलीहाट में पोखरी चण्डिकाघाट मोटर मार्ग निर्माण कार्य हेतु5.38 करोड़ की योजना स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री घोषणा के तहत अगस्त्मुनि रा0 स्नातकोत्तर महाविद्यालय में ऑडिटोरियम के निर्माण कार्य हेतु 5.19 करोड़ की योजना स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया। जबकि हरिद्वार गंगा कॉरिडार परियोजना के अन्तर्गत मुख्यमंत्री द्वारा हर की पैडी पुनरूद्धार योजना के तहत मालवीय द्वीप, सुभाष घाट, कांगड़ा घाट तथा रोडी बेलवाला घाट तथा पुल निर्माण कार्य हेतु 70 करोड़ तथा हर की पैडी के उत्तरी क्षेत्र के विकास हेतु 69.34 करोड़ की योजना का अनुमोदन प्रदान किया गया है।मुख्यमंत्री ने जनपद पौडी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र लैंसडौन के ओडल नामक स्थान पर हैलीपोर्ट के निर्माण हेतु प्रथम चरण के कार्य हेतु 10.66 लाख की योजना का अनुमोदन प्रदान किया गया है।मुख्यमंत्री द्वारा जनपद पिथौरागढ़ के विधानसभा क्षेत्र पिथौरागढ़ की ग्राम सभा चौना से माँ नन्दादेवी मंदिर का सौन्दर्यीकरण कार्य हेतु घ40.56 लाख तथा विधानसभा क्षेत्र पिथौरागढ़ में ग्राम सभा चौना से बुक्टीखेत तक खडण्जा निर्माण कार्य हेतु घ40.41 लाख, विधानसभा क्षेत्र पिथौरागढ़ में इमला से रजन मंदिर तक अश्व मार्ग का निर्माण कार्य हेतु 40.14 लाख का अनुमोदन प्रदान किया गया है, इन योजनाओं की स्वीकृति संबंधी शासनादेश भी निर्गत किया जा चुका है।मुख्यमंत्री द्वारा जनपद उधम सिंह नगर के खटीमा विधानसभा क्षेत्र में गौशाला का निर्माण कार्य हेतु 4.23 करोड़, विधानसभा क्षेत्र हल्द्वानी हेतु राज्य विधिक परिषद को हल्द्वानी में उनके भवन के लिये 1.00 करोड तथा विधानसभा क्षेत्र लोहाघाट में देवीधुरा मुख्य मार्ग से महाविद्यालय को जाने वाली सडक मार्ग 500 मीटर हिस्से में इण्टर लॉकिंग टाईल्स लगवाये जाने हेतु 33.78 लाख का अनुमोदन प्रदान किया गया है। इस संबंध में यह उल्लेखनीय है कि गौशाला निर्माण हेतु 40 प्रतिशत धनराशि 1.69 करोड़, राज्य विधिक परिषद के भवन निर्माण हेतु प्रथम चरण के कार्य के लिये 43.13 लाख तथा सड़क मार्ग के इंटरलॉकिंग कार्य हेतु अवशेष राशि 22.52 लाख का शासनादेश भी निर्गत किया जा चुका है।

## जिला चिकित्सालय में शीतकालीन चेस्ट क्लिनिक का शुभारंभ

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला चिकित्सालय में चेस्ट क्लिनिक का शुभारंभ किया गया। यह क्लिनिक मुख्य रूप से छाती एवं हृदय रोगों के निदान और प्रबंधन के लिए स्थापित किया गया है, विशेषकर शीतकाल में प्रदूषण के कारण होने वाली श्वसन संबंधी बीमारियों के लिए। क्लिनिक का संचालन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया जाएगा। इसमें विशेषज्ञ चिकित्सक, चिकित्सा अधिकारी, नर्सिंग स्टाफ और अन्य सहयोगी कर्मियों की व्यवस्था की गई है। क्लिनिक फरवरी माह तक नियमित रूप से काम करेगा और आवश्यकता पड़ने पर महामारी जैसी परिस्थितियों में भी इसे संचालित किया जाएगा। चेस्ट क्लिनिक का मुख्य उद्देश्य रोगों का शीघ्र पता लगाना, उनका सही निदान करना और उनका प्रबंधन करना है। इसके साथ ही रोगों से बचाव के उपायों की जानकारी भी मरीजों को प्रदान की जाएगी। दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी और अन्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के साथ समन्वय भी स्थापित किया जाएगा। क्लिनिक के माध्यम से संबंधित रोगों का डाटा एकत्रित किया जाएगा और नियमानुसार राज्य स्तर पर भेजा जाएगा, जिससे व्यापक स्तर पर स्वास्थ्य निगरानी और योजना बनाने में मदद मिलेगी।

## सिडकुल उकरोली में चार खनन स्टॉक पर आठ लाख का जुर्माना

सितारगंज(उद संवाददाता)।सिडकुल उकरोली में संचालित चार खनन स्टॉक पर खनिज विभाग ने छापेमारी अभियान चलाकर जांच पड़ताल की। इस दौरान खनिज विभाग को खनन भंडारण की शर्तों का उल्लंघन होने की पुष्टि हुई। इस मामले में विभाग ने चार खनन भंडारण में आठ लाख के जमाने की संस्तुति की है, अभी भंडारण में उप खनिज की पैमाइश की प्रक्रिया भी होनी है। जिला खनन अधिकारी मनीष परिहार ने खनिज विभाग के सर्वेयर के साथ सिडकुल उकरोली खनन क्षेत्र में संचालित चार खनन स्टॉक पर छापेमारी की। यहां जांच में विभाग ने पाया कि अलग-अलग खनन स्टॉक में निर्धारित शर्तों का उल्लंघन किया गया है। खनन भंडारण में सीसीटीवी कैमरे और रिकॉर्डिंग के प्रमाण नहीं मिले। जिससे उप खनिज चोरी होने की संभावना जताई गई। प्राथमिक जांच के बाद खनन विभाग ने अलग अलग चार खनन स्टॉक में दो, दो लाख के जुर्माने की संस्तुति की है। जिला खनन अधिकारी मनीष परिहार ने बताया कि समस्त खनिज भंडारण की पैमाईश होनी हैं। इसके बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। हालांकि अभी तक की जांच में समस्त खनन स्टॉक में खनन विभाग की निर्धारित शर्तों का उल्लंघन किया गया है। खनन विभाग की कार्रवाई के बाद हड़कंप मचा हुआ है।

## दोबाटा से मर्तोली तक सड़क निर्माण के लिए स्वीकृत की 84 लाख की धनराशि

देहरादून (उद संवाददाता)।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री घोषणा के अंतर्गत जनपद पिथौरागढ़ के दोबाटा से मर्तोली तक 3.02 किलोमीटर मोटर मार्ग के निर्माण के लिए 84.12 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। इस स्वीकृति से इस क्षेत्र की वर्षो से लंबित मांग पूरी हुई है। इससे सीमांत क्षेत्र मर्तोली सीधे सड़क से जुड़ जायेगा।मुख्यमंत्री की इस घोषणा पर सीमांत क्षेत्र मर्तोली एवं आस पास के गांव के लोगों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। गांव



वासियों ने अपने आभार पत्र में कहा है कि यह सड़क गांव के भविष्य को नई दिशा देगी और युवाओं को अपने क्षेत्र में ही रोजगार व आत्मनिर्भरता के अवसर प्रदान करेगी। उनका मानना है कि मुख्यमंत्री द्वारा सीमान्त गाँव मर्तोली तक सड़क स्वीकृत कर इस क्षेत्र को मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया है।मुख्यमंत्री की यह पहल रिवर्स पलायन, सीमांत क्षेत्र में विकास एवं गांव को जीवंत रखने में सहायक सिद्ध होगी। सड़क स्वीकृत होने से मर्तोली गांव तक आवागमन सुगम होगा। इसके साथ ही पूरी घाटी में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

## ऑपरेशन कालनेमि : तीन जिलों में 4,802 से अधिक लोगों का सत्यापन, 724 मुकदमे और 511 गिरफ्तारियाँ

### अवैध रूप से रह रहे 19 बांग्लादेशी भी गिरफ्तार, 10 को डिपोर्ट किया गया, 9 पर कार्रवाई जारी

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार देवभूमि की सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक अस्मिता की रक्षा के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री का स्पष्ट दृष्टिकोण है कि उत्तराखंड केवल एक भौगोलिक राज्य नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों की आस्था, परंपरा और विश्वास का केंद्र है, और इसकी गरिमा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। इसी नीति के तहत राज्य सरकार द्वारा धर्म और आस्था की आड़ में पाखंड, ठगी, अवैध गतिविधियों और संदिग्ध तत्वों के विरुद्ध "ऑपरेशन कालनेमि" को 10 जुलाई से प्रदेशभर में प्रभावी रूप से लागू किया गया। इस अभियान का उद्देश्य देवभूमि की पवित्रता को बनाए रखते हुए कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करना और जनता के विश्वास की रक्षा करना है। ऑपरेशन कालनेमि के अंतर्गत हरिद्वार, देहरादून एवं ऊधमसिंहनगर जैसे संवेदनशील जनपदों में व्यापक स्तर पर




सत्यापन एवं प्रवर्तन कार्रवाई की गई। हरिद्वार जनपद में 3,091 व्यक्तियों का सत्यापन किया गया, जिनमें से 715 मामलों में अभियोग पंजीकृत किए गए तथा 305 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। देहरादून जनपद में 1,711 व्यक्तियों का सत्यापन करते हुए 206 गिरफ्तारियाँ की गईं, 09 अभियोग पंजीकृत किए गए तथा 380 व्यक्तियों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की गई। इसके साथ ही अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों के विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई की गई। ऊधमसिंहनगर जनपद में 220 संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए गंभीर मामलों में अभियोग दर्ज किए गए। प्रदेश स्तर पर अब तक कुल 4,802 से अधिक व्यक्तियों का सत्यापन, 724 अभियोग पंजीकरण तथा 511 गिरफ्तारियाँ की गई हैं। इसके अतिरिक्त अवैध रूप से रह रहे 19 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें से 10 को डिपोर्ट किया जा चुका है, जबकि शेष मामलों में विधिक प्रक्रिया प्रचलित है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान किसी वर्ग या समुदाय के विरुद्ध नहीं, बल्कि कानून, व्यवस्था और देवभूमि की गरिमा की रक्षा के लिए है। आस्था का सम्मान किया जाएगा, लेकिन आस्था की आड़ में अपराध, पाखंड और धोखाधड़ी को किसी भी परिस्थिति में संरक्षण नहीं मिलेगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इस प्रकार की गतिविधियों पर निरंतर निगरानी रखी जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त न की जाए। देवभूमि की अस्मिता से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उत्तराखंड सरकार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक और धार्मिक मूल्यों की रक्षा के लिए संकल्पबद्ध है, और ऑपरेशन कालनेमि इसी प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण है।

## 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' बना ऐतिहासिक अभियान, 7,952 शिकायतों का हुआ त्वरित निस्तारण

### सीएम धामी का सुशासन मॉडल: 13 जिलों में 126 शिविर, 64,960 नागरिकों को सीधा लाभ

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दूरदर्शी नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार द्वारा संचालित "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" कार्यक्रम प्रदेश में सुशासन, संवेदनशील प्रशासन और त्वरित समाधान का एक प्रभावी मॉडल बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री की स्पष्ट नीति ख्र सरकार को जनता के द्वार तक पहुँचाना ख्र आज धरातल पर पूरी मजबूती के साथ दिखाई दे रही है।26 दिसंबर 2025 को प्रदेश के 13 जनपदों में 126 शिविरों का आयोजन किया गया, जिनमें 64,960 नागरिकों ने प्रत्यक्ष रूप से भाग लिया। इन शिविरों के माध्यम से 10,962 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 7,952 शिकायतों का मौके पर ही या समयबद्ध निस्तारण किया गया। इसके अतिरिक्त 12,399 प्रकरणों में विभिन्न प्रमाण पत्र एवं सरकारी लाभ प्रदान किए गए, जबकि 39,923 नागरिकों को अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया।यह आंकड़े नहीं, बल्कि मुख्यमंत्री धामी की कार्य संस्कृति, जवाबदेही और जीरो टॉलरेंस नीति का प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि "मेरी सरकार का संकल्प स्पष्ट है जनता को कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, बल्कि सरकार स्वयं जनता के द्वार तक पहुँचेगी।' जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' कार्यक्रम के माध्यम से हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि अंतिम पंक्ति में खड़ा व्यक्ति भी सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ बिना किसी बाधा के प्राप्त कर सके। हर शिकायत का समयबद्ध समाधान और हर पात्र व्यक्ति तक लाभ पहुँचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।" मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जो दिव्यांग, वृद्ध या कमजोर वर्ग के लाभार्थी शिविरों तक नहीं आ सकते, उनके घर तक अधिकारी स्वयं जाएँ, शिकायतों और आवेदनों का निस्तारण केवल कागजी नहीं, बल्कि वास्तविक और प्रभावी हो किसी भी स्तर पर लापरवाही, टालमटोल या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रत्येक जनपद में फीडबैक आधारित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाएद्य योजनाओं का लाभ पारदर्शिता और गरिमा के साथ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि जनसेवा में कोताही करने वाले अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" कार्यक्रम मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड को सुशासन, संवेदनशीलता और जवाबदेही का मॉडल राज्य बना रहा है। यह अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सरकार और जनता के बीच विश्वास का मजबूत सेतु है।

## नगदी भरा पर्स लौटाकर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने पेश की ईमानदारी की मिसाल

गदरपुर। ग्राम पंचायत गदरपुरा के प्रधान प्रतिनिधि हारिश बाबा ने एक अनोखी मिसाल पेश करते हुए सड़क किनारे पाया पैसों और जरूरी दस्तावेजों से भरा पर्स वापस कर दिया। जानकारी के अनुसार, बृहस्पतिवार को हारिश बाबा अपने किसी कार्य से स्कैनिया रोड से जा रहे थे। इसी दौरान राजपुरा नंबर दो मोड़ के पास सड़क किनारे उन्हें एक पर्स मिला। पर्स में लगभग 5,600 रुपए नकद के साथ एटीएम कार्ड, आधार कार्ड,



वोटर कार्ड और अन्य जरूरी दस्तावेज थे। उन्होंने पर्स में मौजूद दस्तावेजों की फोटो लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया और पर्स के असली मालिक तक पहुँचाने का प्रयास किया। इसके बाद पर्स की मालिक शालिनी और उनका परिवार ग्राम प्रधान से संपर्क कर उनके प्रतिष्ठान पहुँचे। करीब 4:15 बजे हारिश बाबा ने शालिनी को उनका पर्स लौटा दिया। इस ईमानदार कार्य से उन्होंने न केवल पीड़ित परिवार की मदद की बल्कि पूरे क्षेत्र में ईमानदारी और नैतिकता की मिसाल पेश की।

# कबड्डी सहित विभिन्न खेलों में खिलाड़ियों ने दिखाया उत्साह

पंतनगर (उद संवाददाता)। कनकपुर के शहीद देव बहादुर थापा राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में खेल महाकुंभ 2025 के अंतर्गत आयोजित न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हो गया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ पूर्व विधायक राजेश शुक्ला और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि जितेंद्र गौतम ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन अंडर-14 और अंडर-19 बालक वर्ग के अंतर्गत एथलेटिक्स, कबड्डी, खो-खो और मुर्गा झपट की स्पर्धाएं आयोजित की गईं। न्याय पंचायत क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से आई टीमों ने पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लिया। जिला खेल समन्वयक कमल किशोर सक्सेना ने बताया कि शिक्षा, खेल, पंचायतीराज और युवा कल्याण विभाग के समन्वय से खेल महाकुंभ 2025 का आयोजन प्रत्येक न्याय पंचायत स्तर पर किया जा रहा है। इस आयोजन के माध्यम से बालक और बालिका वर्ग की विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं कराई जा



रही हैं। न्याय पंचायत नारायणपुर के ग्राम कनकपुर स्थित शहीद देव बहादुर थापा राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिता के अंतिम दिन बालक वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व विधायक राजेश शुक्ला द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजेश शुक्ला ने कहा कि खेल महाकुंभ जैसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं। खेल बच्चों के शारीरिक, मानसिक और नैतिक विकास का सशक्त माध्यम हैं। खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए सरकार और समाज दोनों की भूमिका महत्वपूर्ण है, ताकि वे प्रदेश और देश का नाम रोशन कर सकें। इस अवसर पर खेल अध्यापक और जिला खेल समन्वयक कमल किशोर सक्सेना की मांग पर राजेश शुक्ला ने शहीद देव बहादुर थापा राजकीय इंटर कॉलेज के जूडो खिलाड़ियों को अपनी ओर से खेल ड्रेस उपलब्ध कराने की घोषणा की। इस घोषणा पर उपस्थित खिलाड़ियों और शिक्षकों ने आभार जताया। कार्यक्रम में निर्णायक महेंद्र कुमार, प्रधानाचार्य अवधेश कुमार गिरी, ग्राम प्रधान मेजर सिंह, गफ्फार खान, बिजेंद्र यादव, संजय कुमार, अमित मदान, अनिल कुमार, सतीश चंद्र मिश्र, विनय कुमार, उमा चरण सागर, रामकुमार, अरविंद कुमार मिश्रा, अजय कुमार, शिव सिंह भंडारी, कमल किशोर सक्सेना, संदीप कुमार, धर्मेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह डसीला, अखिलेश कुमार, अखिलेश यादव, बृजेश यादव, अंकित पाठक सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# जयंती पर शहीद उधम सिंह को दी श्रद्धांजलि

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।महान क्रांतिकारी शहीद ऊधम सिंह जी के जन्म दिवस पर कलेक्ट्रेट में पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, ओसी गौरव पाण्डेय, डॉ0 बलवीर सिंह ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान कलेक्ट्रेट परिवार ने भी पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने जिला कार्यालय में शहीद ऊधम सिंह के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए शहीदों को नमन किया। उन्होने कहा कि शहीद ऊधम सिंह के साथ ही देश के वीर शहीदों की कुर्बानी, बलिदान को कभी भी भुला नहीं सकते, जिनकी कुर्बानी और त्याग के कारण हम सभी नागरिक स्वतंत्र भारत में खुली हवा में सांस ले रहे हैं। सभी ने कहा कि युवा देश का



भविष्य हैं, युवाओं को शहीदों के सपनों को साकार करने के लिए देश और समाज को मजबूत बनाने का काम करना होगा। उन्होंने कहा कि शहीदों के सपनों के अनुरूप राज्य के चहुमुॅखी विकास हेतु सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी श्री मिश्र ने कहा कि शहीद उधम सिंह महान क्रातिकारी थे। उन्होने कहा महापुरूषों की जीवनी से हमें सीख लेकर हमे अपने जनपद को सर्वागीण विकास की ओर अग्रसर करना होगा। शहीद के नाम पर बने इस जिले को अग्रणी जिला बनाना होगा।

# गूल में बेहोश मिले पेंटर की संदिग्ध मौत, हत्या का आरोप

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। लामाचौड़ क्षेत्र में शुक्रवार को एक पेंटर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह गूल में बेहोशी की अवस्था में मिला था सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में अस्पताल ले जाने पर कुछ देर बाद उसने दम तोड़ दिया। परिजनों ने साथ काम करने वाले एक व्यक्ति पर पेंटर हत्या का शक जताया है। पुलिस के मुताबिक, मुखानी थाना क्षेत्र के पीलीकोठी निवासी 45 वर्षीय प्रेम शंकर पेशे से पेंटर थे। वह लामाचौड़ क्षेत्र में ही मजदूरी करता था। बताया जा रहा है कि गुरुवार रात तक वह काम से वापस घर नहीं लौटा। शुक्रवार सुबह स्थानीय लोगों को लामाचौड़ में सिंचाई ट्यूबवेल के पास गूल में एक व्यक्ति बेहोशी की अवस्था में पड़ा देखा। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक को गूल से बाहर निकाला। उसकी पहचान प्रेमशंकर के रूप में हुई। उसे उपचार के लिए सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय भेजा गया जहां उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक प्रेम शंकर की पत्नी सोनी ने बताया कि गुरुवार रात तक उनके पति घर नहीं लौटे तो चिंता हो रही थी। तभी उनके पति के साथ काम करने वाले एक शख्स का कॉल आया। जिसने कहा कि प्रेमशंकर घर आया या नहीं। कॉलर ने यह भी कहा कि उसका और प्रेम का हंसी मजाक में झगड़ा हो गया था। रात को तीन से चार बार उस व्यक्ति ने मृतक की पत्नी को फोन किया। प्रेमशंकर के बेटे हर्ष सागर ने भी साथ काम करने वाले पर ही पिता की हत्या की आशंका जताई है।

# शहीद उधम सिंह की जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

किच्छा(उद संवाददाता)। आवास विकास स्थित विधायक तिलक राज बेहड के कार्यालय में सरदार उधम सिंह की जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक तिलक राज बेहड सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरदार उधम सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और उनके बलिदान को याद किया। इस अवसर पर तिलक राज बेहड ने कहा कि सरदार उधम सिंह अदम्य साहस, राष्ट्रभक्ति और बलिदान के प्रतीक थे। उन्होंने जलियांवाला बाग नरसंहार में शहीद हुए सैकड़ों निर्दोष भारतीयों की शहादत का प्रतिशोध लेने के लिए लंदन जाकर माइकल ओ'डॉयर का वध किया और अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिला दी। उनका यह कृत्य केवल प्रतिशोध नहीं, बल्कि भारतीयों के स्वाभिमान और आत्मसम्मान की आवाज था, जिसने देशवासियों को अन्याय के खिलाफ खड़े होने का संदेश दिया। विधायक ने कहा कि सरदार उधम सिंह ने विदेशी शासन के



अत्याचारों के विरुद्ध संघर्ष कर आने वाली पीढ़ियों को साहस, देशभक्ति और आत्मसम्मान का मार्ग दिखाया। आज आवश्यकता है कि उनके विचारों को आत्मसात करते हुए सामाजिक अन्याय, शोषण और भेदभाव के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष किया जाए। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शहीद उधम सिंह के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम में निवर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, गुरदास कालड़ा, मेजर सिंह, गुलशन सिंधी, एनयू खान, दलीप बिष्ट, ओमप्रकाश दुआ, राम बाबू, महेंद्र सिंह, जीवन जोशी, मिस्बाउल कुरैशी, जस्सी देओल, पुष्पा, गौरव बेहड, सुनीता कश्यप, सुधा जोशी, जमील अहमद, दानिश मलिक, फाजील खान, केलावती, प्रेमा भट्ट, तारादेवी, ममता, कुन्दनिया, कमलेश सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मोमबत्ती जलाकर दी अंकिता भंडारी को श्रद्धांजलि

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उत्तराखंड की बेटी अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने की मांग को लेकर विधायक सुमित हृदयेश ने कांग्रेसजनों के साथ नैनीताल रोड स्थित झंडा पार्क में मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान बड़ी संख्या में नागरिकों ने उपस्थित होकर अंकिता को न्याय दिलाने की पुरजोर मांग की। सुमित हृदयेश ने



कहा कि यह अत्यंत दुखद, पीड़ादायक और दुर्भाग्यपूर्ण है कि इतने लंबे समय बाद भी इसन जघन्य हत्याकांड में शामिल वीआईपी का नाम अब तक सार्वजनिक नहीं किया गया। यह मामला केवल अंकिता के साथ हुए अन्याय तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारी न्याय व्यवस्था की पारदर्शिता और कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में मांग की कि इस पूरे प्रकरण की सीबीआई से निष्पक्ष जांच कराई जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके और दोषियों को उनके अपराध की कठोर से कठोर सजा मिले। सुमित हृदयेश ने कहा कि जब तक अंकिता को न्याय नहीं मिलेगा, तब तक हमारी यह आवाज बुलंद रहती रहेगी। इस दौरान जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट, हेमंत बगड़वाल, हरीश मेहता, अवध बिहारी शर्मा, दीप पाठक, बहादुर सिंह बिष्ट, जया कर्नाटक, भगवती जोशी, चम्पा चिलवाल, राधा आर्य, रवि जोशी, मयंक भट्ट, सुहैल अहमद सिद्दीकी, सतनाम सिंह, मलय बिष्ट, जीवन कार्की सहित अन्य कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# मल्लीताल व्यापार मण्डल ईकाई का चलेगा सदस्यता अभियान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की नगर इकाई मल्लीताल नैनीताल के सदस्यता अभियान के संबंध में एक बैठक का आयोजन सदस्यता अभियान प्रभारी अमित साह एवं सह प्रभारी अमित गुप्ता के नेतृत्व में किया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता, जिला महामंत्री हर्षवर्द्धन पांडे, जिला संरक्षक जीत सिंह आनंद एवं कार्यकारी



जिलाध्यक्ष जगदीश बवाड़ी द्वारा सदस्यता अभियान प्रभारी के साथ विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सदस्यता अभियान को सुचारु, पारदर्शी एवं निष्पक्ष रूप से संचालित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता ने स्पष्ट किया कि आगामी चुनावों तक वर्तमान (निर्वतमान) कार्यकारिणी कार्यवाहक रूप में कार्य करते हुए पूरे सदस्यता अभियान में पूर्ण सहयोग प्रदान करेगी। सदस्यता अभियान प्रभारी अमित साह ने जानकारी देते हुए कहा कि नववर्ष 1 जनवरी से सदस्यता अभियान पूरी निष्पक्षता के साथ प्रारंभ किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत किसी भी प्रकार के अतिक्रमण में आने वाले प्रतिष्ठानों को सदस्यता प्रदान नहीं की जाएगी तथा एक प्रतिष्ठान से केवल एक ही व्यापारी की सदस्यता मान्य होगी। बैठक में प्रदेश संरक्षक गिरीश जोशी 'मक्खन', निर्वतमान वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश वर्मा, कनिष्ठ उपाध्यक्ष रईस खान, महिला उपाध्यक्ष भारती कैड़ा, पप्पन जोशी एवं नितिन जाटव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया वीर बाल दिवस


रूद्रपुर (उद संवाददाता)।श्री गुरु नानक महाविद्यालय परिसर में 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस श्रद्धा, सम्मान और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन चार साहिबजादों अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह और फतेह सिंह की वीरता, अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान को स्मरण करते हुए किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्रबंधन समिति के कोषाध्यक्ष किरनदीप सिंह विर्क, गुरु नानक प्रबंधन समिति के सदस्य बलजीत सिंह गाबा और प्राचार्या अमिता भटनागर द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं साहिबजादों को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि चार साहिबजादों का बलिदान भारतीय इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है, जो आज भी युवाओं को सत्य, साहस और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।कार्यक्रम में किरनदीप सिंह विर्क और बलजीत सिंह गाबा ने भी अपने विचार रखते हुए चार साहिबजादों के अद्वितीय बलिदान को भारतीय इतिहास की अमूल्य धरोहर बताया। उन्होंने कहा कि साहिबजादों की शहादत आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा



का स्रोत बनी रहेगी।बीबीए विभाग की छात्रा पवनीत ने वीर बाल दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान माता गुजरी और गुरु गोबिंद सिंह के जीवन संघर्ष और बलिदान की प्रेरणादायक यात्रा को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात बीकॉम ऑनर्स विभाग की छात्रा डेविना कौर ने माता गुजरी के साहस और बलिदान पर आधारित भावपूर्ण सबद प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन बीकॉम ऑनर्स की छात्रा मनरूप कौर ने किया।कार्यक्रम का समन्वयन संजय कुमार द्वारा किया गया। आयोजन की सफलता में मंच संचालन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, मीडिया, फोटोग्राफी और अन्य व्यवस्थाओं में लगे सभी प्रभारियों का सराहनीय योगदान रहा।अंत में उपस्थित सभी लोगों ने वीर साहिबजादों को नमन करते हुए उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में गौरव मिश्रा, असमीत कौर सेठी, आनंद राम, प्रिया गुप्ता, संदीप त्रिपाठी, रूपाली सक्सेना, नाजिया बानो, नवनीत कौर, फरजीन, मीनाक्षी, शीतल, तरुण कुमार, प्रकाश अधिकारी, प्रियंका, सुरभी गौड़, उमेश राणा, अदिति, मलकीत सिंह सहित शिक्षक, कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# खाली प्लॉट में युवक का शव मिलने से सनसनी

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में एक खाली प्लॉट में युवक का शव पाए जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई और वहां पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और वहां मौजूद लोगों से मृतक की शिनाख्त करवाकर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाऊस भिजवाया। जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन भी आ गए और उनमें कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सायं वार्ड एक के पार्षद पवन राणा ने ट्रांजिट कैम्प कोतवाली पुलिस को फोन कर सूचना दी कि मुन्ना चौराहा से आगे एक खाली प्लाट के पास एक व्यक्ति मुँह के बल गिरा पड़ा है। सूचना पर उप निरीक्षक महेश काण्डपाल साथी पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। जहां एक अज्ञात युवक खेत के बगल में बहने वाले नाले मे मुँह के बल गिरा हुआ था। पुलिस ने ग्रामीणो की मदद से युवक को बाहर निकाला। उसकी शिनाख्त उसके बड़े भाई दीपक सिह पुत्र छून्नू सिह निवासी गंगापुर लौहरी थाना ट्राजिट कैम्प ने अपने छोटे भाई संदीप पटेल पुत्र छून्नू सिह उम्र 22 वर्ष के रूप में की। उसका कहना था कि भाई मृतक संदीप पटेल नशे का आदि था और उसे मिर्गी के दौरे आते थे। वह अविवाहित था।




उत्तराखण्ड शासन
देवभूमि उत्तराखण्ड में
शीतकालीन
तीर्थाटन एवं
पर्यटन
माँ गंगा का
शीतकालीन प्रवास
गंगा मंदिर
मुखीमठ, मुखवा (उत्तरकाशी)
माँ यमुना का
शीतकालीन प्रवास
यमुना मंदिर
खरसाली (उत्तरकाशी)
श्री केदारनाथ जी का
शीतकालीन प्रवास
ओंकारेश्वर मन्दिर
ऊखीमठ (रुद्रप्रयाग)
श्री बदरीनाथ जी का
शीतकालीन प्रवास
योगध्यान बद्री मन्दिर
पांडुकेश्वर (चमोली)
21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड इन दोनों ही स्तंभों को लगातार मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा।
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में देवभूमि उत्तराखण्ड निरन्तर प्रगति पथ पर अग्रसर है। तीर्थाटन एवं पर्यटन की दृष्टि से लोग यहां आयें, इसके लिए राज्य सरकार द्वारा जरूरी कदम उठाये जा रहे हैं ताकि पर्यटक शीतकाल में पर्यटन के साथ तीर्थों का भी आनन्द ले सकें।
पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड
लोकल से ग्लोबल की ओर
उत्तराखण्ड के शिल्प और जैविक उत्पाद
प्रकृति की पवित्र पहचान—
GI टैग वाले उत्तराखंडी उत्पाद
रेलमार्ग, राजमार्ग और हवाई मार्ग के क्षेत्र में
निरन्तर विकास से अर्थव्यवस्था को मिल रहा बल

**उत्तराखंड के GI-टैग वाले उत्पादों की सूची -**

- तेजपात
- बेरीनाग चाय
- मंडुआ
- गहत
- बुरांस का शरबत
- सफ़ेद राजमा
- लीची (रामनगर)
- झंगोरा
- काला भट्ट
- पहाड़ी तोर
- लखौरी मिर्च (अल्मोड़ा)
- रामगढ़ आड़ू
- लाल चावल (पुरोला)
- माल्टा
- बिछुआ



**ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजनाः** ऋषिकेश और कर्णप्रयाग के बीच 125 किलोमीटर की ब्रॉड-गेज रेलवे लाइन राज्य के परिवहन बुनियादी ढांचे के विकास के लिए मील का पत्थर है। यह परियोजना तीर्थ स्थलों तक आरामदायक पहुंच को सक्षम बनाने, नए व्यापारिक केंद्रों को जोड़ने और पिछड़े क्षेत्रों के विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक ठोस पहल है। देहरादून, टिहरी गढ़वाल, पौड़ी गढ़वाल, रुद्रप्रयाग और चमोली से होकर गुजरने वाली यह रेलवे लाइन देवप्रयाग, श्रीनगर, रुद्रप्रयाग, गौचर और कर्णप्रयाग जैसे प्रमुख शहरों को जोड़ेगी।


**दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवेः** 210 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेसवे दिल्ली और देहरादून के बीच यात्रा की अवधि को मौजूदा 5 घंटे से घटाकर 2.5 घंटे कर देगा। यह छह लेन वाला राजमार्ग है, जिसे आठ लेन तक विस्तारित किया जाना है। यह न केवल यातायात की भीड़ को कम करेगा, बल्कि यह आवासीय और रिटेल विस्तार को भी बढ़ावा देगा। दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का एक अनोखा पक्ष इसका वाइल्ड लाइफ कोरिडोर है, जो स्थानीय जीवों को बचाने के लिए विकसित किया गया है और यह 12 किमी लंबा एलिवेटेड फ्लाईओवर है।

**हवाई संपर्कः** उड़ान क्षेत्रीय संपर्क योजना के तहत शुरु की गई देहरादून-पिथौरागढ़ उड़ान सेवा ने दोनों शहरों के बीच यात्रा की अवधि को सड़क मार्ग से 12-15 घंटे से घटाकर हवाई मार्ग से केवल 60 मिनट कर दिया है। इस सेवा से कुमाऊं और गढ़वाल क्षेत्रों के बीच संपर्क में सुधार हुआ है, जिससे पर्यटन और वित्तीय गतिविधियों को बढ़ावा मिल रहा है।

**रोपवे नेटवर्क को बढ़ावा देनाः** केंद्र सरकार ने गौरीकुंड से केदारनाथ और गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब तक रोपवे के निर्माण को मंजूरी दी है। इसके अलावा पूर्णागिरी मंदिर रोपवे और काठगोदाम से हनुमानगढ़ी रोपवे परियोजनाएं भी निर्माणाधीन हैं।

# होम स्टे से ग्रामीण पर्यटन को लग रहे पंख

**योजना के तहत राज्य में अब तक 5703 से अधिक होम स्टे पंजीकृत**



पं. दीनदयाल उपाध्याय गृह आवास (होमस्टे) योजना अपने आप में सफलता की एक नई कहानी है। जो उत्तराखण्ड में ग्रामीण पर्यटन को एक नई पहचान दे रही है।

योजना का मकसद देशी विदेशी पर्यटकों को उत्तराखण्ड के ग्रामीण क्षेत्रों में आकर्षित करते हुए, उन्हें उत्तराखण्ड की समृद्ध संस्कृति, खान पान से परिचित कराने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों की आर्थिकी को मजबूत करना है। योजना के तहत राज्य में अब तक 5703 से अधिक होम स्टे पंजीकृत हो चुके हैं।

इसके साथ ही सरकार वीरचंद्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना के तहत वाहन मद और पर्यटन इकाई निर्माण के लिए अनुदान प्रदान कर रही है। जिसमें अब तक 7300 से अधिक लोगों को लाभांवित किया जा चुका है।

**उत्तराखण्ड पर्यटन प्राकृतिक सौंदर्य और धार्मिक महत्व का अमृत मिश्रण है। यहां हिमालय की गोद में बसे प्रसिद्ध स्थल सैलानियों को आकर्षित करते हैं। ट्रेकिंग, रिवर राफ्टिंग और वन्यजीव अभ्यारण्य भी रोमांच प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र हैं।**

# उत्तराखण्डः एक अद्वितीय, रोमांचक व प्राकृतिक गंतव्य

इको-टूरिज्म हो या वाइल्डलाइफ टूरिज्म या रोमांचकारी अनदेखी बर्फीली चोटियां और रोमांचकारी स्कीइंग और माउंटेन बाइकिंग, पैराग्लाइडिंग और ट्रेकिंग के रोमांचकारी रास्ते, आपको यहां वह सब कुछ मिल सकता है जिसके लिए कई देशों की यात्रा करनी पड़ सकती है। उत्तराखण्ड अब हरित पर्यटन, माइंडफुल ट्रैवल, वन्यजीव यात्रा, प्राकृतिक पर्यटन के लिए जाना जाता है। बेहतर पर्यटन नीतियों और उच्च संभावनाओं को देखते हुए विगत वर्षों में राज्य में पर्यटन के क्षेत्र में बेहतर निवेश तो हुआ ही है साथ ही भविष्य में कई बड़े निवेशकों ने पर्यटन क्षेत्र में निवेश की संभावनाएं तलाशी हैं। साहसिक गतिविधियों के लिए उत्तराखण्ड उभरता हुआ पर्यटन स्थल बनता जा रहा है।

## पर्यटक अपने यात्रा व्यय का 5% स्थानीय उत्पादों पर खर्च करें: प्रधानमंत्री



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए वोकल फॉर लोकल की बात कही है। स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दिए जाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा 'वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट' की शुरुआत की गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार ने इस योजना को 'वन डिस्ट्रिक्ट-टू प्रोडक्ट' के रूप में आगे बढ़ाया है। बदरीनाथ धाम के निकट माणा में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से अपील की थी कि कहीं भी घूमने जाएं तो अपने यात्रा व्यय का 5 प्रतिशत स्थानीय उत्पादों पर खर्च करें। इससे स्थानीय आर्थिकी में जबरदस्त परिवर्तन देखने को मिलेगा। किसी भी क्षेत्र की पहचान उसकी भाषा-बोली एवं स्थानीय उत्पादों से होती है, इनको बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास किये जाने चाहिए।

# अब सर्दियों में भी लें हिमालयी यात्रा का सुखद आनन्द


औली से लेकर चोपता तक और खिर्सू से त्रियुगीनारायण मंदिर तक उत्तराखण्ड में सर्दियों के मौसम में घूमने के लिए कई खूबसूरत और शांत जगहें हैं।

**औलीः भारत की स्कीइंग राजधानी**



बर्फ से ढकी चोटियों और जोशीमठ से चलने वाली विश्वस्तरीय रोपवे के साथ औली रोमांच प्रेमियों के लिए स्वर्ग जैसा है। यहां स्कीइंग, केबल कार राइड्स और सूर्यास्त का मनमोहक दृश्य पर्यटकों को बार-बार खींच लाता है।

**चोपताः भारत का मिनी स्विट्जरलैंड**



केदारनाथ वन्यजीव अभ्यारण्य में बसा शांत गांव चोपता, दुनिया के सबसे ऊंचे शिव मंदिर तुंगनाथ का आधार स्थल है। सर्दियों में यहां की बर्फ से ढकी ट्रेकिंग ट्रेल्स दिव्य और अलौकिक सौंदर्य का अनुभव कराती हैं।

**खिर्सूः छिपा हुआ रत्न**

पौड़ी गढ़वाल में स्थित अपनी देवदार सुगंधित हवा और 300 हिमालयी चोटियों के विहंगम दृश्य के लिए जाना जाता है। यह एकांतप्रिय यात्रियों और प्रकृति प्रेमी फोटोग्राफरों के लिए आदर्श स्थान है।


**कार्तिक स्वामी मंदिरः प्रकृति की अनुपम सुंदरता**

रुद्रप्रयाग में 3050 मीटर की ऊंचाई पर स्थित यह मंदिर भगवान कार्तिकेय को समर्पित है। सर्दियों में भी यहां तक पहुंचा जा सकता है और चौखंबा पर्वत श्रृंखला के बर्फ से ढके दृश्य मन को मोह लेते हैं।

**चौबटिया और रानीखेतः रानी का विश्राम स्थल**

सेब के बागों और देवदार के जंगलों से सजा चौबटिया, रानीखेत में सर्दियों में और भी सुंदर हो जाता है। यहां ट्रेकिंग, बर्डवॉचिंग और हेरिटेज वॉक यात्रियों को सुकून भरा अनुभव देती है।

**त्रियुगीनारायण मंदिरः प्रेम की शाश्वत ज्वाला**



जहां भगवान शिव और देवी पार्वती का विवाह हुआ था, वह पवित्र स्थान आज एक वैश्विक वेडिंग डेस्टिनेशन बन चुका है। यहां की अविनाशी ज्वाला सर्दियों की कड़ाके की ठंड में भी निरंतर जलती रहती है। चाहे औली की बर्फीली ढलानों पर स्कीइंग हो, कार्तिक स्वामी में ध्यान लगाना हो या फिर रानीखेत की शांत गलियों में टहलना, उत्तराखण्ड का हर कोना सर्दियों की ठंड में भी गर्मजोशी से पर्यटकों को दिव्य अनुभूति प्रदान करता है।

**प्रधानमंत्री जी के नौ आग्रह**

**स्थानीय लोगों सेः** बोली भाषा का संरक्षण, एक पेड़ मां के नाम, स्वच्छ जल, गांव से जुड़ाव, तिबारी वाले घरों को संवारें

**पर्यटकों सेः** सिंगल यूज़ प्लास्टिक से बचें, वोकल फॉर लोकल, यातायात के नियम अपनाएं, तीर्थों की मर्यादा का पालन करें

## देवभूमि उत्तराखण्ड में आपका स्वागत है।

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी | www.uttarainformation.gov.in uttarakhandDIPR DIPR_UK uttarakhand DIPR
#ExploreUttarakhand @DIPR_UK

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# क्रिसमस पर तोड़फोड़

दुनिया भर में भारत को विविधताओं से भरी सांस्कृतिक छवियों वाले एक ऐसे देश के रूप में देखा-जाना जाता है, जहां अलग-अलग धर्मों के लोग आपसी सद्भाव के साथ रहते और एक-दूसरे के त्योहारों में शामिल होते आए हैं। मगर हाल के वर्षों में कुछ खास त्योहारों के ठीक पहले जिस तरह द्वेष का माहौल पैदा करने की कोशिश की जाने लगी है, वह न केवल देश में सौहार्द को नुकसान पहुंचाने की कोशिश है, बल्कि मानवीय तकाजों के भी विरुद्ध है। क्रिसमस को ईसाई धर्म से जुड़े लोगों का त्योहार माना जाता है, लेकिन इसमें आमतौर पर देश में सभी धर्मों के लोग उत्साह के साथ शामिल होते रहे हैं। विडंबना यह है कि अब कुछ असामाजिक तत्त्व क्रिसमस के मौके पर देश के ईसाई समुदाय के लोगों को निशाना बनाने लगे हैं और इसका सीधा नुकसान देश की छवि को हो रहा है। गौरतलब है कि इस वर्ष फिर क्रिसमस के मौके पर छत्तीसगढ़ और असम सहित कुछ राज्यों में ईसाई समुदाय के प्रार्थना स्थलों और अन्य जगहों पर दक्षिणपंथी समूहों ने हमला किया और बड़े पैमाने पर तोड़फोड़ मचाई। सवाल है कि वे कौन लोग हैं, जो सद्भाव के माहौल में नफरत घोलना चाहते हैं और उन्हें देश के अल्पसंख्यक या अन्य समुदायों के पर्व-त्योहार से परेशानी होने लगी है। क्या मानवीयता के मूल्यों को अपनी आस्था का सबसे अहम पक्ष मानने वाला कोई भी व्यक्ति किसी अन्य समुदाय के त्योहार से इस कदर दुश्मनी रख सकता है? सद्भाव या सौहार्द के साथ किसी धार्मिक उत्सव को मनाए जाने से किसे दिक्कत हो सकती है? केवल निराधार आरोपों का हवाला देकर किसी ऐसे त्योहार पर अराजकता फैलाने का क्या मकसद हो सकता है, जिसमें देश के सभी धर्मों के लोग या तो सहज रहते हैं या फिर उसमें शामिल होते हैं? कथित धर्म परिवर्तन के आरोप अगर लगाए भी जाते हैं, तो इस मसले पर सरकार और प्रशासन अपना काम करेंगे या कुछ अराजक और असामाजिक तत्त्वों को अपनी ओर से हिंसा करने की छूट मिल जाती है? किसी समुदाय के भीतर डर पैदा करके किस तरह से धर्म की सेवा की जा सकती है? यह ध्यान रखने की जरूरत है कि किसी भी बहाने से अन्य धार्मिक समूहों के खिलाफ हिंसा करना या तोड़फोड़ मचाना वास्तव में अपने ही देश की सांस्कृतिक छवि को नकारात्मक बनाना है। अगर इस तरह की प्रवृत्तियों को तुरंत नहीं रोका गया, तो इससे आपसी सद्भाव का माहौल बिगड़ने की आशंका पैदा होगी। इतना तय है कि देश के संविधान का सम्मान करने वाली सरकारें और ज्यादातर संवेदनशील लोग धर्म के नाम पर टकराव तथा तनाव पैदा करने की कोशिशों का समर्थन नहीं करते। यही वजह है कि कई जगहों पर क्रिसमस पर उत्पात मचाने वालों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया। यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि किसी भी पर्व-त्योहार के मौके पर सांप्रदायिकता फैलाने वाले तत्त्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। विचित्र यह भी है कि क्रिसमस के मौके पर एक ओर खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ईसाई समुदाय के साथ मेलजोल, शांति और सद्भाव का संदेश दे रहे थे, तो दूसरी ओर कुछ असामाजिक तत्त्व तोड़फोड़ और अराजकता फैलाने में लगे थे। देश में सभी धर्मों के पर्व-त्योहारों के अवसर पर सौहार्द तथा सद्भाव की जो परंपरा रही है, उसे बचाने और मजबूत करने के लिए सरकार और समाज को एक बार फिर ठोस कदम उठाने की जरूरत है।

# क्रिसमस पर अनुग्रह आश्रम में प्रार्थना सभा का आयोजन

सितारगंज(उद संवाददाता)। क्रिसमस पर अनुग्रह आश्रम में प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ। बुधवार की मध्य रात्रि में प्रभु यीशु का जन्मदिन मनाया। फादर रुडोल्फ ने प्रार्थना कर खुशहाली की कामना की। इस दौरान प्रभु का गुणगणान कर दीन-दुखियों की मदद का संकल्प लिया गया। प्रभु यीशु के दिए उपदेशों के बारे में बताकर उनके



बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। प्रसाद वितरण किया। आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने प्रार्थना सभा में भाग लिया। गुरुवार को फादर रुडौल्फ की अगुवाई में सुबह 10 बजे से प्रार्थना सभा आयोजित की गई। फादर जॉनी ने प्रभु का गुणगान किया और दीन दुखियों की मदद का संकल्प दिलाने के साथ ही प्रभु यीशु के जन्म दिन की बधाई दी। वहां नागेंद्र कुमार, संजय मसीह, गोल्डी, पूरन जॉन, सिस्टर जिल्सी, सिस्टर जोयस, सिस्टर लिशी मेरी, पूर्व विधायक नारायण पाल आदि मौजूद रहे। इधर, शालोम आराधनालय तुर्कातिसौर में आराधना की गई। पास्टर सुनील प्रसाद जग्गू ने अनुयायियों को प्रेम का संदेश दिया।

# बहुद्देशीय शिविर में 1241 लोग हुए लाभान्वित

गदरपुर(उद संवाददाता)।न्याय पंचायत आनंद खेड़ा में जनख्रजन की सरकार, जनख्रजन के द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस जनकल्याण कारी शिविर में कुल 23 सरकारी विभागों द्वारा अपने-अपने स्टॉल लगाए गए, जिनके माध्यम से आमजन की समस्याओं का निवारण किया गया तथा विभागीय सेवाएं मौके पर ही उपलब्ध कराई गईं। शिविर में कुल 1241 लोगों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से सभी को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 459 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 46 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 21 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष 25 शिकायतों को संबंधित विभागों को निस्तारण हेतु प्रेषित किया गया। कार्यक्रम के दौरान दो समूहों को कैश क्रेडिट लिमिट के अंतर्गत 4.5 लाख रुपये की धनराशि वितरित की गई। इसके साथ ही शिविर में 65 आधार कार्ड, 15 आयुष्मान कार्ड, 36 स्थायी निवास प्रमाण पत्र, 10 जाति प्रमाण पत्र, 35 आय प्रमाण पत्र, 38 परिवार रजिस्टर की नकल, 5 बीपीएल कार्ड, 5 मृत्यु प्रमाण पत्र, 3 यूसीसी, 6 एसईसीसी सर्टिफिकेट तथा 7 दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी किए गए। महिला सशक्तिकरण की दिशा में महिला समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉल में महिलाओं ने 9200 रुपये की हस्तनिर्मित सामग्री की बिक्री की। महिला एवं बाल कल्याण विभाग के माध्यम से दो महिलाओं की गोदभराई भी कराई गई। शिविर में आए एक दिव्यांग बालक गौरव की विकलांग पेंशन हेतु मौके पर ही कार्यवाही करते हुए निस्तारण किया गया। बालक का पूर्व में जारी 60 प्रतिशत विकलांग प्रमाण पत्र पूर्ण विकलांगता को दृष्टिगत रखते हुए 90 प्रतिशत में पुनः जारी किया गया तथा तत्काल आय प्रमाण पत्र भी बनाया गया। शिक्षा विभाग के माध्यम से 10 बालिकाओं को साइकिल, 5 बालिकाओं को जूताख्रबैग हेतु चेक तथा 5 बालिकाओं को गणवेश वितरित किए गए। इसके अतिरिक्त आरटीई योजना के अंतर्गत 10 छात्रख्र छात्राओं को चेक प्रदान किए गए। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा विकसित भारत से संबंधित नए प्रावधानों की जानकारी दी गई, वहीं श्रम विभाग द्वारा 50 ई-श्रम कार्ड वितरित किए गए। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के रूप में विधायक शिव अरोड़ा, ब्लॉक प्रमुख ज्योति ग्रोवर, सांसद प्रतिनिधि प्रीत ग्रोवर, अमित नारंग, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश बजाज, कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख रीमा पाइक सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रशासनिक अधिकारियों में उपजिलाधिकारी श्रीमती ऋचा सिंह, नोडल डीपीआरओ विद्या सोमनाल, खंड विकास अधिकारी श्रीमती अतिया परवेज, एबीडीओ हेम कांडपाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।






# दिव्यांग बच्चे का तत्काल बना प्रमाण पत्र, चेहरे पर लौटी मुस्कान

रूद्रपुर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर चलाए जा रहे जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम के तहत आनंदखेड़ा नंबर एक में आयोजित शिविर कई जरूरतमंदों के लिए राहत का माध्यम बना। शिविर में आनंदखेड़ा नंबर एक निवासी गौतम समुदार के परिवार के लिए यह कार्यक्रम जीवन बदलने वाला साबित हुआ। गौतम समुदार का पुत्र जन्म से ही पूर्ण रूप से दिव्यांग है, लेकिन पिछले 13 वर्षों से परिवार विकलांग प्रमाण पत्र के लिए विभिन्न विभागों के चक्कर काट रहा था। प्रमाण पत्र न बनने के कारण बच्चे को समाज कल्याण विभाग की किसी भी योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा था। शिविर के दौरान जैसे ही यह मामला क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा के संज्ञान में आया, उन्होंने तुरंत संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। विधायक के हस्तक्षेप के बाद मात्र 13 मिनट के भीतर बच्चे का विकलांग प्रमाण पत्र और आय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। अब दिव्यांग गौरव को समाज कल्याण विभाग की सभी योजनाओं का लाभ मिलने का रास्ता साफ हो गया है और उसकी विकलांग पेंशन भी शीघ्र स्वीकृत हो सकेगी।अपने बच्चे का वर्षों से लंबित काम चंद मिनटों में पूरा होते देख परिवार की आंखों में खुशी साफ झलक रही थी। गौतम समुदार ने कहा कि जिस कार्य के लिए वह 13 वर्षों से भटक रहे थे, वह जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम के माध्यम से कुछ ही मिनटों में पूरा हो गया। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और विधायक शिव अरोरा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम वास्तव में आम लोगों के लिए संजीवनी साबित हो रहा है। शिविर में विधायक शिव अरोरा ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण भी किया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री की इस जनसरोकार से जुड़ी योजना का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचे। विधायक ने कहा कि पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सरकार जनकल्याण के मंत्र को धरातल पर उतार रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे और जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम इसी सोच को साकार कर रहा है।



# किराना स्टोर में धारदार हथियार से हमला

रुद्रपुर। उधार देने से मना करने पर एक व्यक्ति ने अपने साथियों के साथ मिलकर धारदार हथियार से दुकान में घुसकर हमला कर दिया। मामले में तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वार्ड नंबर 10 खेड़ा निवासी मिथुन पासवान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी किराना स्टोर की दुकान में मोहल्ले का निवासी पवन राठौर पहले से 858 रुपए का उधार ले चुका था और वह बार-बार अतिरिक्त उधार मांग रहा था। उधार देने से मना किया तो पवन राठौर अपने साथी आकाश राजपूत, मयंक उर्फ जलेबी और 2 से 3 अज्ञात लोगों के साथ मिलकर दुकान पर हमला कर दिया। घटना 9 अगस्त 2025 को रात लगभग 9 बजे हुई। पीड़ित के अनुसार, हमला करते समय उसके मुंह पर आकाश राजपूत ने पंच मारा, जिससे उसका एक दांत टूट गया। इसके बाद अन्य आरोपियों ने उसके हाथ, कंधे और कमर पर डंडों से प्रहार किया। जिससे वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। हमले में माता उर्मिला देवी भी गंभीर रूप से घायल हो गयी। दोनों को तुरंत सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया और उनका मेडिकल परीक्षण किया गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## डोमिनोज कर्मचारी की बाइक चोरी

रुद्रपुर। डोमिनोज कर्मचारी अंकुर गंगवार की बाइक चोरी हो गई। घटना 29 जून की शाम लगभग आठ बजे की बताई जा रही है। अंकुर गंगवार अपने कार्य स्थल विशाल मेगा मार्ट से घर लौट रहा था, जब उसने देखा कि उनकी बाइक पार्किंग में नहीं है। वाहन संख्या यूके 18 6374 है। अंकुर गंगवार ने तत्काल कोतवाली रुद्रपुर में शिकायत दर्ज कराई।

# अटल जी के आदर्शों को जीवन का मूल मंत्र बनाएं युवा: अजय भट्ट

रुद्रपुर। अटल स्मृति वर्ष के उपलक्ष्य में भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के जीवन, उनके व्यक्तित्व, कृतित्व और राष्ट्र निर्माण में दिए गए अतुलनीय योगदान को स्मरण किया गया। यह आयोजन विशेष रूप से युवाओं को समर्पित रहा, जिसमें विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट एवं विशिष्ट अतिथि महापौर विकास शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात अटल बिहारी वाजपेयी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर अटल जी के जीवन, विचारों और राष्ट्रहित में किए गए कार्यों पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट ने अपने संबोधन में कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि विचारों के विराट व्यक्तित्व थे। उन्होंने राजनीति में शुचिता, संवाद और लोकतांत्रिक मूल्यों की मिसाल कायम की। अटल जी ने विपरीत परिस्थितियों में भी देशहित को सर्वोपरि रखा और भारत को वैश्विक मंच पर सशक्त पहचान दिलाई। उन्होंने कहा कि पोखरण परमाणु परीक्षण, राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना, सर्व शिक्षा अभियान और पड़ोसी देशों के साथ संवाद की नीति अटल जी की दूरदर्शिता का प्रमाण हैं। सांसद भट्ट ने युवाओं से आह्वान किया कि वे अटल जी के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्रसेवा, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा को अपने जीवन का मूल मंत्र बनाएं। उन्होंने कहा आज का युवा यदि अटल जी के विचारों को आत्मसात कर लें, तो भारत को विकसित राष्ट्र बनने से कोई नहीं रोक सकता।विशिष्ट अतिथि महापौर विकास शर्मा ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी का जीवन सादगी, संवेदनशीलता और राष्ट्रभक्ति का अनुपम उदाहरण है। वे एक कुशल प्रशासक होने के साथ-साथ कवि हृदय के व्यक्ति थे, जिनकी वाणी में ओज और विचारों में गहराई थी। महापौर ने कहा कि अटल जी ने यह सिद्ध किया कि राजनीति सेवा का माध्यम हो सकती है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे सकारात्मक सोच, अनुशासन और समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना को अपनाएं। उन्होंने कहा अटल जी का जीवन हमें सिखाता है कि सत्ता नहीं, सेवा ही राजनीति का वास्तविक उद्देश्य होना चाहिए।कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री युवा मोर्चा दीप कौशयारी, जिला महामंत्री तरुण दत्ता, जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा बिट्टू चौहान, जिला मंत्री गजेंद्र प्रजापति, जिला मीडिया संयोजक विजय तोमर, मोर सिंह, सुरेश कोली, पूर्व जिलाध्यक्ष विवेक सक्सेना, मंडल अध्यक्ष मुकेश पाल, जितेंद्र शांधू, महाविद्यालय के प्रधानाचार्य, गुन्नू चौधरी, प्रीति धीर, ममता त्रिपाठी, ममता जीना, बिन्नी चुघ के अलावा छात्र संघ पदाधिकारी एवं छात्र मौजूद रहै।





# आरटीओ टीम ने एटीएस केंद्र का किया औचक निरीक्षण

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।परिवहन व्यवस्था में सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आरटीओ (प्रशासन) हल्द्वानी गुरदेव सिंह के नेतृत्व में एआरटीओ (प्रशासन) रुद्रपुर मोहित कोठारी एवं उनकी टीम ने शुक्रवार को लालपुर स्थित स्वचालित प्रशिक्षण केंद्र (एटीएस) का व्यापक औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कई वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप के अभाव को गंभीर पाया और स्पष्ट निर्देश दिए कि बिना रिफ्लेक्टिव टेप वाले किसी भी वाहन को फिटनेस प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जाएगा। उन्होंने दो टूक कहा कि रात्रि और कोहरे के समय सड़क सुरक्षा से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। केंद्र पर संशोधित निरीक्षण शुल्क सूची प्रदर्शित नहीं होने पर एटीएस इंचार्ज को तुरंत निर्देशित किया गया कि केंद्र के अंदर और बाहर स्पष्ट रूप से संशोधित शुल्क सूची चस्पा की जाए, ताकि वाहन स्वामियों को किसी प्रकार की भ्रम या मनमानी का सामना न करना पड़े।



फिटनेस प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया पर विशेष ध्यान देते हुए अधिकारियों ने कहा कि टायर, हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट, हेडलाइट, ब्रेक लाइट और इंडिकेटर सहित सभी सुरक्षा मानकों की जांच के बिना फिटनेस प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह केवल कागजी खानापूर्ति नहीं बल्कि वास्तविक और तकनीकी जांच पर आधारित होना चाहिए। निरीक्षण के दौरान आरटीओ गुरदेव सिंह ने अब तक जारी की गई फिटनेस रिपोर्टों की जानकारी ली और वाहनों के फोटो अपलोडिंग सिस्टम की जांच की। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक वाहन की बैक साइड फोटो अनिवार्य रूप से अपलोड की जाए, ताकि रिकॉर्ड में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की गुंजाइश न रहे। इसके अलावा, केंद्र पर लगे सीसीटीवी कैमरों, कार्मिकों की उपस्थिति और कार्यप्रणाली की समीक्षा भी की गई। अधिकारियों ने वाहन स्वामियों और चालकों के लिए बैठने की उचित व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल और बुनियादी सुविधाओं को तत्काल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एआरटीओ मोहित कोठारी ने कहा कि परिवहन विभाग अब किसी भी तरह की ढिलाई स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में भी ऐसे औचक और सघन निरीक्षण जारी रहेंगे और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क दुर्घटना के मामले में स्कार्पिओ चालक पर केस दर्ज

किच्छा। पुलभट्टा थाना अंतर्गत क्षेत्र में करीब एक माह पूर्व हुई सड़क दुर्घटना में मोपेड सवार दंपति के घायल होने तथा अस्पताल में इलाज के 12 दिन बाद मोपेड चालक की मौत के मामले में पुलिस ने मृतक के पुत्र की शिकायत पर स्कार्पियो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। फिलहाल पुलिस ने हिरासत में खड़ी स्कॉर्पियो गाड़ी के चालक की तलाश शुरू कर दी है। थाना पुलिस को दी शिकायत में ग्राम चंद्रपुरा जदीद, थाना खजुरिया, जिला रामपुर, उत्तर प्रदेश निवासी धर्मवीर पुत्र स्वर्गीय हीरालाल ने बताया कि विगत 27 नवंबर को उसके पिता हीरालाल एवं माता जगदेई किच्छा से टीवीएस मोपेड पर शीशगढ़ बरेली की तरफ जा रहे थे। इस दौरान सुबह करीब 11 बजे रिलायंस पंप के सामने स्कॉर्पियो वाहन संख्या यूके 06 के 2050 के चालक ने वाहन को तेजी एवं लापरवाही से चलाते हुए उलटी दिशा में हीरालाल की गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी। घटना में पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना में गंभीर घायल दोनों को एंबुलेंस के माध्यम से सरकारी अस्पताल के बाद रुद्रपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया कि अस्पताल में इलाज के बाद 5 दिसंबर को बरेली में इलाज के दौरान हीरालाल की मौत हो गई। जबकि पीड़ित की माता का गंभीर अवस्था में इलाज चल रहा है। बताया कि घटना के बाद बाद चौकी पुलिस ने स्कॉर्पियो वाहन को पकड़ लिया था, जबकि चालक फरार हो गया। धर्मवीर की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

# मारपीट मामले में मुस्लिम समाज ने थाने का किया घेराव

गदरपुर। सोशल मीडिया पर शुरू हुई बहस के बाद शहर के बीच बाजार में दो पक्षों के बीच हुई जमकर मारपीट ने इलाके में तनाव पैदा कर दिया। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने एक पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया, जबकि दूसरी ओर सुनवाई नहीं होने से नाराज मुस्लिम समाज के लोगों ने कोतवाली का घेराव कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने निष्पक्ष जांच का आश्वासन देने के बाद भीड़ को शांत कराया। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को दर्जनों मुस्लिम समाज के लोग, जिनका नेतृत्व मोहम्मद शादाब, शकील



अहमद, सुल्तान और सलीम बाबा ने किया, थाने पहुंचे और पीड़ित पक्ष की तहरीर पर तत्काल कार्रवाई की मांग की। मोहम्मद शादाब ने कहा कि झगड़ा दो पक्षों के बीच हुआ था, लेकिन केवल एक पक्ष की तहरीर पर कार्यवाही करना अनुचित है। उन्होंने बताया कि उन्होंने मामले की जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा को दी, जिसके बाद पुलिस ने उनकी तहरीर रिसीव की। पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया कि पीड़ित जुनैद पी.वी.सी. का काम करता है। सोशल मीडिया पर उसकी किसी व्यक्ति के साथ बहस हुई थी, और उक्त व्यक्ति ने उसे जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद गुरुवार को पुरानी अनाज मंडी मोड़ के पास लगभग 15 लोग पहले से घात लगाए बैठे थे, जिन्होंने जुनैद को घेरकर बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित के पुत्र के साथ जाति सूचक गालियां भी दी गईं। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।पुलिस क्षेत्राधिकारी विभव सैनी ने सभी उपस्थित लोगों को आश्वासन दिया कि मामले में निष्पक्ष और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस पर भीड़ शांत हुई और लोग वापस लौट गए।घटना के समय कोतवाली में सभासद प्रतिनिधि इदरीश पाशा, नाजिर, प्रधान प्रतिनिधि हारिश बाबा, फैजान खान, जावेद सैफी और आसिफ सहित कई लोग मौजूद थे।

# धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

गदरपुर(उद संवाददाता)। धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने और सोशल मीडिया के माध्यम से भड़काऊ माहौल बनाने के प्रयास पर पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा ने सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए मामले में त्वरित और कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए थे, जिसके अनुपालन में कोतवाली गदरपुर पुलिस ने अभियुक्त जुनैद इदरीसी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार 25 दिसंबर को चन्द्र पाल, निवासी वार्ड संख्या 28, सुभाष कॉलोनी, रुद्रपुर ने कोतवाली गदरपुर में तहरीर दी थी। तहरीर में आरोप लगाया गया कि जुनैद इदरीसी अपने 20 से 25 साथियों के साथ पूर्व नियोजित तरीके से सोशल मीडिया पर धार्मिक भावनाएं भड़काने वाली पोस्ट साझा कर रहा था। आरोप है कि इसके बाद अभियुक्त और उसके साथियों ने राहुल कोली के साथ मारपीट की, जिससे वह घायल हो गया। पीड़ित को जान से मारने



की धमकी भी दी गई, जिससे क्षेत्र में तनाव का माहौल उत्पन्न हो गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली गदरपुर में एफआईआर दर्ज की गई। विवेचना की जिम्मेदारी उपनिरीक्षक मोहन सिंह बोहरा को सौंपी गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गदरपुर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 26 दिसंबर को अभियुक्त जुनैद इदरीसी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की उम्र 19 वर्ष बताई गई है और वह वार्ड संख्या 10, पुनयानी गली, आजाद नगर, गदरपुर का निवासी है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार अभियुक्त के खिलाफ कोतवाली गदरपुर में पूर्व में भी धार्मिक उन्माद और शांति भंग से जुड़े मामलों में मुकदमा दर्ज है। पूरे प्रकरण में प्रभारी निरीक्षक संजय पाठक के नेतृत्व में उपनिरीक्षक मुकेश मिश्रा, मोहन सिंह बोहरा, नरेश पंत सहित पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा ने स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया के माध्यम से धार्मिक भावनाएं भड़काने, अफवाह फैलाने और कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई आगे भी इसी तरह सख्ती से जारी रहेगी। पुलिस ने आमजन से भी अपील की है कि वे किसी भी भड़काऊ सामग्री को साझा न करें और ऐसी गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# युवक की मौत के मामले में अज्ञात वाहन चालक पर मुकदमा

किच्छा। कोतवाली अंतर्गत क्षेत्र में विगत 18 दिसंबर को हल्द्वानी मार्ग पर हुई सड़क दुर्घटना में युवक की मौत के मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी की शिकायत पर अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में बालाजी कॉलोनी, छतरपुर निवासी हेमा देवी ने बताया कि 18 दिसंबर को उसके पति गोपाल सिंह हल्द्वानी निवासी अपनी बहन के घर जा रहे थे। इसी दौरान आनंदपुर के निकट अज्ञात वाहन ने गोपाल सिंह को जोरदार टक्कर मार दी। घटना में गोपाल सिंह की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। महिला ने बताया कि छोटे-छोटे तीन बच्चों के सिर से पिता का साया उठने एवं पति की मौत के बाद परिवार के पालन पोषण का सहारा छिन गया है। महिला ने पुलिस से सीसीटीवी कैमरे की मदद से घटना की जांच कर दोषी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है।

# नाबालिग किशोरी को भगाने का आरोप

रुद्रपुर। कोतवाली पुलिस ने नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम मनौना, जिला रामपुर (उत्तर प्रदेश) निवासी आबिद हुसैन ने कोतवाली रुद्रपुर में तहरीर देकर बताया कि उनकी 17 वर्षीय पुत्री बेलटेक पैकेजिंग कंपनी में कार्यरत थी। इसी कंपनी में कार्य करने वाले लखबीर सिंह पुत्र प्रदीप सिंह, निवासी 19 एफ.एफ. गंगानगर, राजस्थान से उसकी जान-पहचान हुई। आरोप है कि युवक ने किशोरी को प्रेमजाल में फंसाकर उसे झूठे सपने दिखाए और 28 नवंबर 2025 को वह किशोरी को लेकर फरार हो गया। इसके बाद से किशोरी का कोई पता नहीं चल सका है, जबकि आरोपी युवक का मोबाइल फोन भी बंद बताया जा रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी के अनुसार मामले की जांच की जा रही है।

## पेज एक का शेष...

**फायरिंग में घायल कुख्यात...**हमलावर मौके से हथियार लहराते हुए फरार हो गए। घायल विनय त्यागी को प्राथमिक उपचार के लिए लक्सर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया और वहां से कड़ी सुरक्षा के साथ एम्स ऋषिकेश रेफर किया गया। शनिवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही एसपी देहात, सीओ लक्सर और कोतवाली प्रभारी सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और जांच शुरू की। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अगले दिन खानपुर थाना क्षेत्र के जंगल से दोनों शूटरों को गिरफ्तार कर लिया। मुख्य आरोपी सन्नी यादव उर्फ शेरा निवासी गुलजारपुर, थाना काशीपुर और उसका साथी अजय निवासी खरमासा कॉलोनी, काशीपुर हैं। गैंगवार की आशंका को देखते हुए दोनों को रुड़की जेल के बजाय हरिद्वार जेल में रखा गया। पुलिस जांच में सामने आया कि सन्नी यादव और विनय त्यागी के बीच लंबे समय से पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद चल रहा था। पूछताछ में सन्नी ने स्वीकार किया कि रकम मांगने पर विनय त्यागी उसे जान से मारने की धमकी दे रहा था। इसी रंजिश में उसने अपने साथी के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची। आरोपियों ने विनय त्यागी की गतिविधियों पर नजर रखी और उसकी कोर्ट पेशी की जानकारी मिलते ही रेकी कर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने मामले में आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है और अपराधियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई जारी है।

**गदरपुर में अवैध..**उस नीति का हिस्सा है, जिसके तहत सरकारी भूमि पर किए गए सभी प्रकार के अवैध कब्जों को हटाया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि उत्तराखंड में अब तक 570 से अधिक अवैध मजारों को हटाया जा चुका है। बीती रात देहरादून में भी हरिद्वार रोड पर स्थित एक अवैध मजार को दून प्रशासन द्वारा ध्वस्त किया गया था। इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि उत्तराखंड में सरकारी भूमि पर कब्जे का कोई भी प्रयास बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकारी जमीन पर हरि-नीली चादर डालकर कब्जा करने का खेल अब नहीं चलेगा और तथाकथित लैंड जिहाद के खिलाफ सरकार पूरी सख्ती के साथ कार्रवाई करती रहेगी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि कानून सभी के लिए समान है और राज्य की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराना सरकार की प्राथमिकता है।

**देवभूमि के ज्वलंत मुददो...**जनता को भी भ्रमित कर रही हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले समय में एआई आधारित दुष्प्रचार लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन सकता है ।अगर ऐसा ही चलता रहा तो विधायक और अधिकारी जनता का फोन उठाने से भी कतराने लगेंगे । बहरहाल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के खौफ एवं इसके दुरुपयोग की चिंता के बीच सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिस राज्य में बेरोजगारी, पलायन, स्वास्थ्य सेवाओं की कमी, पहाड़ी क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का अभाव और आपदा प्रबंधन जैसे गंभीर मुद्दे मौजूद हैं उसे राज्य के राजनीतिज्ञ एआई से बनी क्लिप्स और सोशल मीडिया पोस्ट पर अपनी ऊर्जा और समय क्यों नष्ट कर रहे हैं ?

**सीएम ने किया पैली पैली बार...**कार्यों का उल्लेख किया गया है। गीत में नकल विरोधी कानून, वृहद स्तर पर सरकारी जमीनों पर हुए अतिक्रमण को हटाने, धर्मान्तरण विरोधी कानून, यूसीसी, शीतकालीन यात्रा, पर्यटन और तीर्थाटन को बढ़ावा, आदि कैलाश यात्रा, रिवर्स पलायन, राजस्व वृद्धि, किसानों को प्रदान की जा रही सुविधाओं, सरकारी नियुक्तियों जैसे महत्वपूर्ण और विकासपरक योजनाओं का उल्लेख किया गया है। इस गीत के बोल उत्तराखण्ड के विकास कार्यों को प्रमुखता से उजागर करते हैं और कैसे राज्य का समग्र विकास किया जा रहा है, को भी परिभाषित करते हैं। साथ ही सरकार द्वारा वर्तमान में चलाए जा रहे अभियान ष्जन जन की सरकार, जन जन के द्वारष की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है। इस गीत में उत्तराखण्ड के प्रमुख लोकगायक श्री सौरभ मैठाणी, गोविन्द दिगारी, राकेश खनवाल, ललित गित्यार, भूपेन्द्र बसेड़ा, मनोज सामन्त, चन्द्रप्रकाश, लोकगायिका खुशी जोशी एवं सोनम ने सम्मिलित रूप से स्वर प्रदान किया है। साथ ही इसकी धुन व गीत श्री भूपेन्द्र बसेड़ा द्वारा और संगीत श्री ललित गित्यार द्वारा तैयार किया गया है। विभिन्न गायकों/गायिकाओं द्वारा रचित यह उत्तराखण्डी लोकधुन पर आधारित गीत सुनने में अत्यधिक कर्णप्रिय लग रहा है और सरकार की विकास योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने, विकास कार्यों के प्रति समझ को बढ़ाने तथा जन-जन को विकास योजनाओं को इस बारे में सुगमता से जानकारी प्रदान करने का भरसक प्रयास किया गया है। इस अवसर पर दायित्वधारी कैलाश पंत, लोकगायक सौरभ मैठाणी, गोविन्द दिगारी (वर्चुअल), श्रीमती खुशी जोशी दिगारी (वर्चुअल), भूपेन्द्र बसेड़ा, ललित गित्यार, राकेश खनवाल, चन्द्रप्रकाश, सुश्री सोनम, कुंदन कोरंगा, बसंत तिवारी, नवीन जोशी, पूरन नगरकोटी, श्रीमती भागीरथी नगरकोटी, श्रीमती मीनाक्षी जोशी, मोहित जोशी, संगीतकार सुरेन्द्र बिष्ट एवं अन्य लोग मौजूद थे।

**ठेकेदार की ..**और विनय अच्छे दोस्त हैं। विनय त्यागी को भी इस रकम का पता चल गया था कि यह ठेकेदार की रकम है जिसे उसने छिपाकर यहां रखा है। विनय त्यागी की पत्नी चुनाव लड़ी थी। इस चुनाव में ठेकेदार ने विनय त्यागी को खूब परेशान किया था। इस बात से विनय त्यागी भी उससे रंजिश रखता था और बदला देना चाहता था। इसी बदले की भावना से विनय त्यागी ने तय किया कि वह यह रकम ईडी को दे देगा। इस बात पर डॉक्टर भी रजामंद था। बाद में यह बात किसी तरह ठेकेदार को पता चल गई। ठेकेदार ने डॉक्टर को डराया तो उसने विनय त्यागी पर चोरी के आरोप लगा दिए। सितंबर में उसे चोरी के आरोप में जेल भेज दिया गया। विनय त्यागी की पत्नी को भी धमकाया गया। आरोप लगाए कि विनय के खिलाफ लक्सर और पुरकाजी में झूठे मुकदमे दर्ज कराए गए। देहरादून जेल से रुड़की जेल शिफ्ट के भी फर्जी कागजात तैयार किए गए। जबकि परिजनों को जेल से शिफ्ट करने के लिए किसी प्रकार का आवेदन नहीं दिया था। दो दिन बाद लक्सर में छोटे मुकदमे में पेशी के दौरान भी सुरक्षा में लापरवाही बरती गई और विनय को रास्ते से हटाने के लिए यह हमला कर दिया गया।

**दबंगों ने युवको...**की कार्रवाई का कोई डर नहीं दिख रहा है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, घटना के विरोध में शनिवार को भाजपा के पूर्व दर्जा राज्य मंत्री दिनेश मेहरा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं और कुछ हिंदूवादी संगठनों के लोग कोतवाली पहुंचे। उन्होंने कोतवाल सुशील कुमार का घेराव कर आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग की। दिनेश मेहरा ने चेतावनी दी कि यदि शाम तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया, तो रविवार को कोतवाली परिसर में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। पुलिस क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार ने आश्वासन दिया कि सभी आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाएगी।

**सड़क हादसें में ..**गया, जहाँ चिकित्सकों ने जीतू चौधरी को मृत घोषित कर दिया और प्रदीप मेहरा को गंभीर चोटों के कारण हायर सेंटर रेफर किया। पुलिस ने बताया कि मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और हादसे की जांच की जा रही है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# राजा जगत देव के छठे वार्षिक उत्सव पर उमड़ा जनसैलाब

## बुक्सा समाज के आराध्य की प्रतिमा स्थापना, भव्य शोभायात्रा और सांस्कृतिक आयोजन





गदरपुर/गूलरभोज। बुक्सा जनजाति समाज के आराध्य और लोकनायक राजा जगत देव के छठे वार्षिक उत्सव का शुभारंभ डल बाबा मंदिर परिसर में श्रद्धा और उल्लास के साथ हुआ। इस अवसर पर क्षेत्रभर से हजारों श्रद्धालु एकत्र हुए और अपने आराध्य को नमन कर उनके त्याग, शौर्य और समाजहित में किए गए कार्यों को स्मरण किया। उत्सव के अंतर्गत राजा जगत देव की प्रतिमा की विधिवत स्थापना की गई। इससे पूर्व बुक्सा समाज की ओर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें राजा जगत देव के स्वरूप में सजे एक कलाकार को घोड़े पर सवार देखा गया। शोभायात्रा के मार्ग में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। उत्सव के दौरान आयोजित दो दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का भी समापन हुआ, जिसमें बुक्सा समाज की लगभग 30 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता को लेकर युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद बलराज पासी ने राजा जगत देव को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका जीवन समाज के लिए प्रेरणास्रोत है और उनके बलिदान सदैव स्मरणीय रहेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडेय का जोरदार स्वागत किया गया। उत्साहित लोगों ने उन्हें कंधों पर उठाकर मंच तक पहुंचाया। अपने संबोधन में विधायक पांडेय ने बुक्सा समाज को अनुशासित, मेहनती और समाजहित के लिए सदैव अग्रसर रहने वाला समाज बताया। उत्सव के अवसर पर डल बाबा मंदिर परिसर में भव्य मेले का भी आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीण संस्कृति की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम संयोजक अतुल पांडेय ने आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति के सभी सदस्यों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर लाखन सिंह, अमर सिंह, राकेश कुमार सिंह, लखविंदर सिंह, धर्म सिंह, स्वरूप सिंह, मुकेश सिंह, कन्हैया सिंह, लाखन सिंह, राकेश सिंह, गंगा राम, सुरेश सिंह, स्वरूप सिंह, सोमल सिंह, कन्हई सिंह, दान सिंह, चरन सिंह, फूल सिंह, हरि सिंह, जसवंत सिंह, लक्ष्मण सिंह, अशोक सिंह, गोपाल सिंह, आकाश सिंह, कुंवर सिंह, प्रीतम सिंह, जसवीर सिंह, श्याम सिंह, मनीष सिंह, कोमल सिंहचरण सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।









# 2 जनवरी को धूमधाम से मनेगा राजा जगदेव जी का जन्मदिन

## बुक्सा समाज ने गांव-गांव आयोजन का लिया निर्णय, डल बाबा मंदिर में कार्यक्रमों की रूपरेखा तय

गूलरभोज। बुक्सा जनजाति समाज के आराध्य महाप्रतापी श्रद्धेय राजा जगदेव जी का जन्मदिन आगामी 2 जनवरी को पूरे क्षेत्र में धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। इस संबंध में डल बाबा मंदिर परिसर में आयोजित बैठक और कार्यक्रम के दौरान समाज के लोगों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि जन्मदिन के अवसर पर प्रत्येक गांव में पधान के आवास पर सामूहिक रूप से केक काटकर राजा जगदेव जी का जन्मदिन मनाया जाएगा। समाजजनों ने कहा कि राजा जगदेव जी का जीवन संघर्ष, त्याग और समाजहित की भावना का प्रतीक है। उनके आदर्श आज भी जनजातीय समाज को एकजुट रखने का कार्य कर रहे हैं। जन्मदिन कार्यक्रमों के माध्यम से नई पीढ़ी को उनके व्यक्तित्व, विचार और जीवन मूल्यों से परिचित कराया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धेय राजा जगदेव जी को सादर श्रद्धांजलि अर्पित की गई और वार्षिक विशाल मेले के आयोजन की रूपरेखा भी प्रस्तुत की गई। वक्ताओं ने समस्त क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता कर आयोजन को सफल बनाएं। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि जन्मदिन के अवसर पर सामाजिक एकता, सांस्कृतिक कार्यक्रम और जनकल्याण से जुड़े आयोजन प्राथमिकता में रहेंगे। पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और गांव-गांव तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इस कार्यक्रम में समाज के तमाम वरिष्ठ सदस्य, युवा और बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी ताकि राजा जगदेव जी की शिक्षाओं और आदर्शों को व्यापक रूप से फैलाया जा सके।



# वॉलीबॉल टूर्नामेंट में कोपा की टीम बनी चैंपियन

## रूपपुर उपविजेता, नंदपुर को मिला तृतीय स्थान




विजेता टीम और उपविजेता टीम को सम्मानित करते विधायक अरविंद पांडे।

गूलरभोज। श्रद्धेय राजा जगत देव जी को समर्पित कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत आयोजित वॉलीबॉल टूर्नामेंट का डल बाबा मंदिर परिसर में भव्य समापन हुआ। यह प्रतियोगिता 'श्रद्धेय राजा जगत देव जी बुक्सा जनजाति स्मारक ट्रस्ट' द्वारा आयोजित की गई थी, जिसमें बुक्सा जनजाति समाज की कुल 30 टीमों ने भाग लेकर खेलकूद का उत्सव सजाया। फाइनल मुकाबला रोमांचक रहा। टूर्नामेंट में कोपा टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। उनके संघर्षपूर्ण और सामूहिक खेल को दर्शकों ने जोरदार तालियों से सराहा। रूपपुर टीम ने उपविजेता स्थान प्राप्त किया, जबकि नंदपुर टीम ने तीसरा स्थान हासिल कर दर्शकों का दिल जीत लिया। प्रतियोगिता के दौरान सभी खिलाड़ियों ने अनुशासन, टीम भावना और खेल कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। समापन समारोह में उपस्थित अतिथियों ने विजेता, उपविजेता और तीसरे स्थान प्राप्त टीमों को ट्रॉफी और पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इसके अलावा प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों के खिलाड़ियों को भी प्रोत्साहित किया गया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा भरते हैं और समाज में आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं। उन्होंने आयोजकों, स्मारक ट्रस्ट और सहयोगियों की सराहना की और भविष्य में ऐसे आयोजनों के निरंतर आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया। आयोजकों ने भी बताया कि आने वाले वर्षों में खेल गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को आगे बढ़ने और अपनी प्रतिभा दिखाने के और अवसर दिए जाएंगे। प्रतियोगिता के समापन के साथ ही सभी खिलाड़ियों और दर्शकों ने राजा जगत देव जी को नमन करते हुए उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।